>

Title: Need to accord necessary approval for early completion of gauge conversion work at Balaghat – Jabalpur railway line in South –East Railway Zone.

श्री के.डी. देशमुख (बालाघाट): सभापति महोदय, मैं अपने लोकसभा क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण समस्या की तरफ सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। दक्षिण पूर्व रेलवे के अंतर्गत बालाघाट-जबलपुर अमान परिवर्तन कार्य पूरा किया जाना जनहित में आवश्यक है। इस कार्य में लगभग रेलवे ने 500 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। तमाम पुल-पुलिया बन कर तैयार हैं। शेष बचे कार्य भी प्रगति पर हैं। रेलवे की ये लाइन जबलपुर से गोंदिया दो राज्यों को जोड़ती है। गोंदिया से बालाघाट तक अमान परिवर्तन कार्य पूरा हो चुका है। रेलगाड़ियां चल रही हैं। इसी मार्ग में बालाघाट से जबलपुर अमान परिवर्तन कार्य वन भूमि की आपत्ति के कारण बाधित हो गया है। इस अमान परिवर्तन कार्य को रोके जाने से नक्सल प्रभावित बालाघाट जिले का विकास कार्य प्रभावित हो जाएगा, जिससे आम जनता को भारी असुविधा होगी। इस मार्ग का कार्य बाधित होने के कारण जनता आंदोलन कर रही है। आज भी मेरे लोकसभा क्षेत्र बालाघाट में पूरी जनता सड़कों पर आ चुकी है, क्योंकि नेरोगेज लाइन को ब्राड गेज बननी थी। इस लाइन की स्वीकृति को 15 साल हो गए हैं। 1996-97 में नेरोगेज को ब्राडगेज बनाने के लिए स्वीकृति हुई थी। आज आम जनता में तीव्र जन आक्रोश है। बालाघाट-जबलपुर अमान परिवर्तन कार्य के पूरा होने से व्यापारियों, उद्यमियों, किसानों, छात्रों और आम जनता को काफी सुविधा होगी।

अतएवं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह है कि जनहित में बालाघाट जबलपुर अमान परिवर्तन कार्य को पूरा किए जाने हेतु वन पर्यावरण मंत्रालय सहयोग करे और रेलवे को कार्य प्रारम्भ करने की स्वीकृति प्रदान की जाए।